Title: Need to link Khuria reservoir with Narmada river in Chhatisgarh with a view to augment irrigation facilities in the region- Laid.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के मनियारी नदी के खुढ़ीया जलाशय को अमरकंटक की नर्मदा नदी से जोड़ा जाए, जिससे 2 लाख किसानों की खेती में सिंचाई हो सकती है। खुढ़ीया जलाशय 70 हजार एकड़ भूमि में फैला हुआ है। खरीफ की एक फसल ही सिंचाई हो नहीं पाती। उक्त जलाशय को नर्मदा नदी अमरकंटक के जुड़ जाने से किसानों को खरीफ तथा रबी की दोनों फसल की सिंचाई हो सकती हैं। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जल संग्रहण केन्द्रीय योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़-विलासपुर के खुढ़ीया जलाशय को अमरकंटक के नर्मदा नदी से जोड़ा जाये।